हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 गेहूं का उठान समय पर और तेजी से होना चाहिए : डीसी





10 स्वच्छ वातावरण रखने का दिया संदेश




## खबर संक्षेप

### 8.20 ग्राम हेरोइन के साथ व्यक्ति काबू

**जींद।** सीआइए स्टाफ सफीदो ने गांव खेड़ाखेमावती से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 8.20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सदर थाना सफीदो पुलिस ने आरोपित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआइए स्टाफ सफीदो को सूचना मिली थी कि गांव खेडाखेमावती दादा सती रोड़ पर पेड़ के नीचे एक युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है। जो नशा बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रहा है।

### उचाना कलां: दो दिन बंद रहेगी पानी की सप्लाई

**उचाना।** उचाना कलां के भौंगरा रोड पर वाटर वर्कस में दो टैंकों का निर्माण हुआ है। इन टैंकों को जोड़ने के लिए अप्रैल 16, 17 को उचाना कलां, उचाना मंडी में पानी की सप्लाई बंद की जाएगी। जेई विनय ने बताया कि दो दिनों तक पानी की सप्लाई उचाना कलां वाटर वर्कस में होने वाले कार्य के चलते बंद की जाएगी।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव पोली से महिला के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पोली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 13 अप्रैल को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमला कर घायल करने पर दंपत्ति नामजद

**जींद।** गांव बनिया खेडा मे विवाद के चलते हमला कर भाई को घायल करने पर पिल्लूखेडा पुलिस दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बनिया खेडा निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसका उसके भाई जयपाल से विवाद चल रहा है। उसी विवाद के चलते जयपाल तथा उसकी पत्नी सोनू ने उस पर हमला कर दिया। जिसमे उसे काफी चोटे आई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर जयपाल तथा उसकी पत्नी सोनू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**कैथल।** राजौंद में अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। शिकायत पर राजौंद थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजौंद के वार्ड नंबर 8 निवासी शमशेर ने थाना राजौंद में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई राजेश (42) मजदूरी करता था और दर्शन सिंह के पास काम करता था। 14 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे वह खेतों से साइकिल पर घर लौट रहा था। इसी दौरान अमन राणा के खेत के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। रात 10:30 बजे परिवार को हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर राजेश की मौत हो चुकी थी।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार की जान गई

**कैथल।** खरकां-गुहला रोड पर स्थित थेह बुटाना के पास मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार राज मिस्त्री की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गुहला थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कसौर निवासी सतपाल ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। उसके चाचा राजकुमार और गांव का ही रामफल गांव अगोंध में काम करते थे और रोजाना मोटरसाइकिल से आना-जाना करते थे।

## सीबीएसई का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी, इंडस पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा

# जिले में पहले पांच स्थानों पर इंडस स्कूल के विद्यार्थियों का रहा कब्जा

### इष्पिता ने 98.8 प्रतिशत अंक लेकर जींद में प्राप्त किया प्रथम स्थान

### निदेशक सुभाष श्योराण ने सभी छात्रों, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इंडस स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। परीक्षा परिणाम में जिले में पहले पांच स्थानों पर इंडस स्कूल के छात्रों ने कब्जा किया। इंडस स्कूल की इष्पिता सिंह ने 98.8 प्रतिशत अंक लेकर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्वी अग्रवाल ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, मानवी ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवांशी ने 98.2 प्रतिशत और आराध्या रानी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस परीक्षा परिणाम के अतंर्गत 95 प्रतिशत से ऊपर 42 छात्रों ने, 96 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 241 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इन छात्रों ने विषय अनुसार आईटी में 24 छात्रों ने 100 अंक, हिंदी विषय में दो छात्रों ने 100 अंक, सामाजिक अध्ययन में दो छात्रों ने 100 अंक, विज्ञान में एक छात्र ने 100 अंक, अंग्रेजी में छह छात्रों ने 99 अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि से इंडस स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय में सभी उत्तीर्ण छात्रों ने खुशियां मनाते मिठाईयां बांटी व एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण ने शानदार परीक्षा परिणाम पर सभी छात्रों, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ तथा प्राचार्य को बधाई दी। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए छात्रों की लग्न, अध्यापकों की मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग को श्रेय दिया है। स्कूल प्राचार्य अरूणा शर्मा ने कहा कि स्कूल के छात्र परीक्षा परिणामों में बुलंदियों को छु रहे हैं। स्कूल का एक ही संकल्प है जो परीक्षा परिणामों को सार्थक बना रहा है। उप प्राचार्य प्रवीन कुमार ने कहा कि जीवन में मनुष्य की कई परीक्षाएं होती है जो विद्यार्थी सतत परिश्रम की आदत डाल लेते हैं उन्हें सफलता निश्चत मिलती है।




शानदार परीक्षा परिणाम आने पर खुशी जताते इंडस स्कूल के छात्र व स्टाफ।

### इंडस स्कूल की होनहार छात्राएं



इष्पिता सिंह।



अन्वी अग्रवाल।



मानवी



देवांशी



आराध्या

### सभी उत्तीर्ण छात्रों ने खुशियां मनाते मिठाइयां बांटी व एक दूसरे को बधाई दी



कैथल। अव्वल रहे आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।



इशिका



शिनिका



रुद्राक्षी



मेहुल

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल 10वीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा। स्कूल प्रबंधन समिति तथा प्राचार्य ने स्कूल स्टाफ तथा छात्रों को बधाई दी। स्कूल की छात्रा इशिका ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिनिका ने 97.2, मेहुल ने 95.8, रुद्राक्षी 95.8 और विवेक 95.6 ने अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार और शिक्षकों को गर्वित किया, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्त्रोत बने है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल के छह छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त 42 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं, 80 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। शेष सभी विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि छात्रों ने बिना कोचिंग ट्यूशन के पढ़ाई की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। स्कूल का परिणाम हर वर्ष शत-प्रतिशत रहता है, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण है। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करने और उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

## ओएसडीएवी कैथल का समृद्ध बना जिला टॉपर

- शिव शिक्षा निकेतन स्कूल सांघन की छात्रा कोमल 98.8% लेकर द्वितीय

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड बुधवार शाम के समय सीबीएसई ने 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। जैसे ही विद्यार्थियों को परिणाम की खबर मिली तो सभी के चेहरे खिले उठे तथा अधिकतर विद्यार्थी अपने अपने स्कूलों में पहुंच गए। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों के बीच खुशी का माहौल बन गया। बता दें कि जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में करीब 5600 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। नई शिक्षा नीति के अनुसार सेशन दो की परीक्षा के आयोजन के चलते अभी तक बोर्ड ने किसी भी छात्र को फेल नहीं किया है। ओएसडीएवी स्कूल के छात्र समृद्ध ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप रहा तो वहीं शिव शिक्षा निकेतन स्कूल सांघन की छात्रा कोमल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान पाया। इसी स्कूल की छात्रा जेसमिन 98.6 अंक लेकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं ओएसडीएवी स्कूल के छात्रा स्वर्णिम 98.4 अंक लेकर जिले में चौथे स्थान पर रही। टॉपरों को स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई। जिले में 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल करने वाली शिव शिक्षा निकेतन सांघन की छात्रा गांव छौत की कोमल ने बताया कि उसका सपना आईआईटी में इंजीनियर बनने का है। बता दें कि कोमल के पिता जगजीत सिंह एक किसान तथा माता गृहणी है। कोमल ने कहा कि वह जो भी पढ़ाई करती थी। वह केवल स्कूल में ही करती थी। अलग से ट्यूशन भी नहीं ली है। वहीं, स्कूल की डायरेक्टर शीला नैन ने सभी बच्चों की सराहना की। स्कूल में 10वीं कक्षा में कुल 171 बच्चों थे। अधिकतर बच्चों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए है। जिले में तीसरे स्थान पर रही शिव शिक्षा निकेतन की छात्रा जेसमिन ने बताया कि उनके पिता साधारण किसान है और माता गृहिणी है।



कैथल। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या छात्र समृद्ध को मिठाई खिलाते।

### छात्रों की मेहनत रंग लाई

आरकेएसडी स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत शानदार रहा। कुल 204 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 150 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत और 85 विद्यार्थियों ने 75 तथा 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अधिकतम अंक अंग्रेजी 99, हिंदी 99, गणित 95, साइंस 94, सोशल साइंस 95, कंप्यूटर 99, पंजाबी 95 रहे। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने सभी छात्रों को बधाई दी उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत तो रंग लाई ही है साथ ही अभिभावको तथा अध्यापकों का परिश्रम भी सराहनीय होता है। स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष अश्विनी शौरे वाला ने भी सभी बच्चों तथा अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### साइबर ठगी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने विदेशी रिश्तेदार बन 2.80 लाख रुपये की साइबी ठगी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना इंचार्ज एएसआई मनीष कुमार की टीम ने बिहार के जिला गोपालगंज के गांव वरदावन निवासी आरोपी अरविंद कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव किच्छाना निवासी कुलबीर सिंह ने शिकायत दी थी कि 2 दिसंबर 2025 को उसके व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को उसका भांजा सौरभ (कनाडा निवासी) बताया। जब शिकायतकर्ता ने उसे पहचानने से इंकार किया तो आरोपी ने भरोसा जीतने के लिए कहा कि वह विदेश से उसके खाते में 8 लाख रुपये भेज रहा है। इसके बाद आरोपी ने एक फर्जी बैंक रसीद भेजी, जिसमें 8 लाख 16 हजार रुपये ट्रांसफर दिखाए गए।

## ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

- कंबाइन से उठी चिंगारी, गेहूं की फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

क्षेत्र के बुढ़ा खेड़ा लाठर गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गेहूं की कटाई कर रही एक कंबाइन मशीन से अचानक चिंगारी उठी और देखते ही देखते खेत में खड़ी फसल ने आग पकड़ ली। आग लगते ही आसपास मौजूद किसानों में हड़कंप मच गया और शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों और किसानों ने बिना समय गंवाए अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बाल्टियों, ट्यूबवेल के पानी और अन्य साधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसी दौरान घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित किया। गांव के किसान अजमेर ने बताया कि वे खेत में कंबाइन से गेहूं की कटाई करवा रहे थे, तभी अचानक मशीन से चिंगारी निकली, जिससे सूखी फसल ने तुरंत आग पकड़ ली। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते ग्रामीण एकजुट होकर आग बुझाने में नहीं जुटते, तो आग विकराल रूप ले सकती थी और आसपास के अन्य खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे।



जुलाना। बुढ़ाखेड़ा लाठर गांव में आग बुझाते फायर बिग्रेड के कर्मचारी।

## जींद: दुकानदार महिला को नशीला पदार्थ खिला तीन सोने की अगूठी ले उड़ी महिला

- दोपहर को बातो मे उलझा खिलाया नशीला पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तांगा चौक पर दुकानदार महिला को नशीला पदार्थ खिला कर एक महिला ने तीन सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गई। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैणी मौहल्ला निवासी सुषमा ने तांगा चौक पर लेश,घोटा, सितारे की दुकान खोली हुई है। गत 13 मार्च को सुषमा दुकान पर बैठी हुई थी। दोपहर को अज्ञात महिला दुकान पर आई। जिसने सुषमा को बातचीत मे उलझा लिया। बातचीत के दौरान महिला ने सुषमा को कुछ खाने के लिए दिया। जिसके बाद सुषमा बेहोश हो गई। जिसका फायदा उठा कर महिला सुषमा की सोने की तीन अगूठी चोरी कर ली और फरार हो गई। घटना का उस समय पता चला जब सुषमा का पति खाना लेकर दुकान पर पहुचा। दुकान मे सुषमा बेसुध पड़ी हुई थी। जिसने सुषमा को की नीजि हस्पताल पहुचाया। सुषमा के होश मे आने पर तीन सोने की अगूठी गायब होने पर पता चला। शहर थाना पुलिस ने सुषमा के पति पकंज की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मामले की जांच जारी

शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया महिला के पति की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। महिला वही है जिसने ब्यूटी पार्लर मे वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## आने वाले समय में दामों में और तेजी आने की संभावना

# सब्जियों के दाम में उछाल, गर्मी के साथ महंगाई की आहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी ने दस्तक देनी शुरू की है, वैसे-वैसे सब्जियों के दामों में भी बढ़ोतरी की आहट साफ नजर आने लगी है। हाल ही में सामने आई एक सूची के अनुसार पहले जहां कई सब्जियां सस्ते दामों पर मिल रही थीं, वहीं अब उनके भाव में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे आम लोगों की चिंता बढ़ने लगी है। जानकारी के अनुसार आलू पहले 8–10 रुपये प्रति किलो के स्तर पर था और अभी भी इसी के आसपास बना हुआ है। वहीं बैंगन, टमाटर, गोभी, भिंडी, खीरा, मटर और शिमला मिर्च जैसी सब्जियां पहले 20 से 40 रुपये प्रति किलो के बीच मिल रही थीं, लेकिन अब इनके दाम ऊपरी स्तर की ओर बढ़ने लगे हैं। हरी मिर्च पहले 50–60 रुपये प्रति किलो थी, जबकि तोरी 80–100 रुपये और लौकी व घीया 100–120 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुकी है। नींबू के दाम भी 180–200 रुपये प्रति किलो तक दर्ज किए गए हैं, जो पहले के मुकाबले काफी अधिक हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है और जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, वैसे-वैसे सब्जियों की आवक पर असर पड़ सकता है। इससे आने वाले समय में दामों में और तेजी आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



राजौंद। दुकानों पर सजी हुई सब्जियां। फोटो :हरिभूमि

### बढ़ती गर्मी से पैदावार प्रभावित

गृहिणियों का कहना है कि अभी से रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। यदि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ी, तो सब्जियों के दाम और ज्यादा बढ़ सकते हैं, जिससे आम आदमी की परेशानी भी बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम में लगातार बदलाव और बढ़ती गर्मी के चलते फसलों की पैदावार प्रभावित हो सकती है। ऐसे में अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में सब्जियों की कीमतों में और उछाल देखने को मिल सकता है।

## कनाडा भेजने के नाम पर दस लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी के गांव पिलनी में एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर 10 लाख की ठगी कर ली। शिकायत के बाद पूंडरी थाना पुलिस ने 3 एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिलनी निवासी शुभम कुमार ने बताया कि वह 5 जुलाई 2024 को गांव बात्ता में किसी जान-पहचान के पास गया हुआ था। यहां उसकी मुलाकात कलायत के गजेंद्र सिंह उर्फ जिंदर राणा से हुई। आरोपी ने खुद को ट्रैवल एजेंट बताते हुए कनाडा भेजने का झांसा दिया। 6 जुलाई को आरोपी उसके घर आया और 16 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। इसके बाद आरोपियों ने उसे 7 जुलाई को दिल्ली बुलाया और वहां से बैंकॉक भेज दिया। बैंकॉक में आरोपी बहादुर राणा उर्फ रिक्की भी उसके साथ जुड़ गया। कुछ दिन बाद तीसरा आरोपी पुष्पेंद्र शर्मा भी वहां पहुंचा। तीनों ने मिलकर वीजा प्रक्रिया के नाम पर उससे करीब 10 लाख रुपए ले लिए। पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने उसे कनाडा नहीं भेजा और बहाने बनाते रहे। बाद में उसे लाओस देश भेज दिया गया, जहां उसे बंधक बनाकर रखा गया पासपोर्ट कब्जे में ले लिया।

## खबर संक्षेप

### फसल अवशेष न जलाने को जागरूकता के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने गेहूं के अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग गांव स्तर पर निगरानी बढ़ाएं। जहां अवशेष जलाने की संभावना ज्यादा है, वहां विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को अवशेष प्रबंधन के विकल्पों के बारे में जागरूक किया जाए और जरूरत के अनुसार मशीनरी उपलब्ध करवाई जाए।

### एजेंसी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि जिला जींद में विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी स्थापित करने के लिए इच्छुक गैर-सरकारी संगठनों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एसएए के माध्यम से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण के लिए सहायता प्रदान की जाती है। केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार अनाथ, परित्यक्त एवं आत्मसमर्पित बच्चों को कानूनी रूप से गोद देने की प्रक्रिया केवल एसएए के माध्यम से ही संचालित की जाती है।

### बाबा साहेब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

**जींद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि धर्मशाला सेवा समिति द्वारा भिवानी रोड स्थित वाल्मीकि कालोनी के कम्यूनिटी हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान विशाल टांक द्वारा की गई। इसकी शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात केक काटकर बाबा साहेब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर छोटे बच्चों को पेन वितरित कर सम्मानित किया।

### विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जींद।** छोटू राम किसान कालेज के रेड रिबन क्लब ने स्वास्थ्य जागरूकता के तहत लोगों को जागरूक करने का काम किया। कालेज प्राचार्य डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी जरूरी है। रेड रिबन की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही एक स्वस्थ समाज की नींव है। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान, एचआईवी, एड्स जैसी बीमारियों के बारे में जागरूक करने के लिए पंपलेट बांटे गए और जागरूकता रैली निकाली गई।

### हिंदी हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में अंशु गोयत रहा द्वितीय

**उचाना।** 14 अप्रैल को जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल महोत्सव पर राज्य स्तरीय हिंदी हैंडराइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में पीएमश्री केवि बुडायन के विद्यार्थी अंशु गोयत पुत्र अनूप गोयत कापड़ो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अनूप गोयत कापड़ो ने कहा कि बेटे अंशु गोयत ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### जलभराव से निपटने के लिए किया विचार विमर्श

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने वीरवार को अपने कार्यालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में इस्माईलपुर तथा फरैन कलां वगैरा गांवों के खेतों में बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति से निपटने बारे व्यापक विचार विमर्श किया। बैठक में उन्होंने बताया कि उक्त गांवों के खेतों में आये बरसाती सीजन में भारी जल भराव की स्थिति बनती है, जिससे सैकड़ो एकड़ खेतों की फसल खराब हो जाती है और साथ ही अगली फसल की बिजाई से भी किसान वंचित रह जाते हैं। पिछले कई वर्षों से चल रही इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसके निदान के लिए अब विभाग द्वारा प्रोजेक्ट तैयार किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने वीसी से समीक्षा की

# गेहूं का उठान समय पर और तेजी से होना चाहिए : डीसी

## नोडल अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने के निर्देश

**बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ बनाया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की मंडियों में गेहूं की खरीद और उठान व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीदे गए गेहूं का उठान समय पर और तेजी से होना चाहिए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। बुधवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रबी खरीद की समीक्षा की। इसके बाद जिला स्तर पर भी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में अनाज का ज्यादा समय तक जमाव न होने दिया जाए और उठान कार्य तय समय में पूरा किया जाए। उन्होंने मंडियों में तैनात नोडल अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।



जींद। अधिकारियों से बातचीत करते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### एसडीएम ने किया गेहूं भंडारण गोदाम का निरीक्षण

**जुलाना।** एसडीएम होशियार सिंह ने क्षेत्र के गेहूं भंडारण गोदामों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि किसानों की फसल के भंडारण में किसी प्रकार की समस्या न आए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने गोदामों में गेहूं के उठान, भंडारण, साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की बोरियों को सही तरीके से व्यवस्थित रखा जाए तथा बारिश या नमी से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत की फसल को सुरक्षित रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए भंडारण स्थलों पर तिरपाल, उचित वेंटिलेशन और सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे होने चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

साथ ही गेहूं उठान के लिए लगाए गए वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग और परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर भी निर्देश दिए गए, ताकि खरीदा गया गेहूं समय पर गोदामों तक पहुंच सके। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि गेट पास प्रणाली और बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की सुविधा है और जिला प्रशासन भी यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को फसल बेचने, भुगतान लेने या अन्य किसी कार्य में दिक्कत न आए। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लाएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में तेजी बनी रहे। उन्होंने बताया कि गत दिवस तक जिले में कुल एक लाख 89 हजार 782 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 39 हजार 972 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 98 हजार 381 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 51 हजार 429 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। मंडीवार खरीद के अनुसार उचाना में 42 हजार 022 मीट्रिक टन, पिल्लुखेड़ा में 12 हजार 100 मीट्रिक टन, जींद में 32 हजार 968 मीट्रिक टन, अलेवा में 12 हजार 329 मीट्रिक टन, सफीदों में 11 हजार 241 मीट्रिक टन, जुलाना में 14 हजार 576 मीट्रिक टन, नरवाना में 17 हजार 344 मीट्रिक टन, छतर में 7 हजार 246 मीट्रिक टन, धमतान में 3 हजार 749 मीट्रिक टन तथा घोघड़ियां में 5 हजार 165 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

# हैबतपुर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अभियान के दौरान प्राचार्या के साथ मौजूद छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या कालेज द्वारा गोद लिए गए हैबतपुर में कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और एन.सी.सी. विंग के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्य का मुख्य केंद्र गांव का श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक शिव मंदिर रहा। इससे छात्राओं के भीतर सामूहिक सेवा भावना, नागरिक उत्तरदायित्व और श्रम की गरिमा जैसे मानवीय मूल्यों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों की पवित्रता के प्रति गहरा बोध जागृत हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पूनम मोर ने स्वयंसेवकों और कैडेट्स के इस उत्साही दल को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी क्रांति और एनसीसी सीटीओ अंजू के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में सेवा और स्वच्छता के लिए रवाना किया। अभियान के दौरान छात्राओं ने विशेष रूप से हैबतपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर और उसके आस-पास के संपूर्ण क्षेत्र की अत्यंत श्रद्धा के साथ गहन सफाई की। स्वयंसेविकाओं और कैडेट्स ने मिलकर मंदिर प्रांगण से कूड़ा-कचरा हटाया और देवस्थान को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।



आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाते नपा चेयरमैन विकास काला।

### रेडीनैस मेले का आयोजन

**उचाना।** उचाना कलां आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूल रैडीनैस मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका चेयरमैन विकास काला पहुंचे। इसका मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रूचि विकसित करना, उनके सामाजिक एवं भाषा कौशल को मजबूत तथा उन्हें विद्यालयी वातावरण के लिए तैयार करना रहा। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. राजेंद्र श्योकंद ने राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल रेडिनेस मेले के साथ आठवां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा मनाया गया और जागरूकता रैली निकाली गई। पार्षद राममेहर, को-ऑर्डिनेटर दिवेश दत, सुपरवाइजर मनीषा, कविता, लक्ष्मी, उर्मिला, वर्षा, अंकुश, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर अंजू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता, लक्ष्मी, सविता, संतोष, सुमित्रा, कृष्णा, निर्मला, लक्ष्मी, पिंकी मौजूद रही।

### पांच सौ प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ एक काबू

**जींद।** सीआइए स्टाफ नरवाना ने गांव हंसडेहर के निकट एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से पांच सौ प्रतिबधित नशीली गोलिया बरामद की है। गढी थाना पुलिस पकडे गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआइए स्टाफ नरवाना के सूचना मिली थी कि गांव हंसडेहर के निकट एक व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को काबू कर लिया। पुलिस कर्मियो ने व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 500 गोली प्रतिबधित ट्रामाडोल की बरामद हुई। पुलिस पूछताछ मे व्यक्ति की पहचान गांव हंसडेहर निवासी नानकचंद के रूप मे हुई। गढी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर नानक चंद के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### आमजन पोर्टल से परिवार का विवरण भरें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भविष्य की जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में जनगणना 2027 महत्वपूर्ण है। इस बार सरकार ने जनगणना में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपना डाटा स्वयं भरने की सुविधा दी है, जिसके तहत 30 अप्रैल तक आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकते है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना 2027 को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक नागरिक स्वयं अपनी गणना कर सकता है। सभी विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल इत्यादि इसका प्रचार करें ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं जनगणना 2027 में भाग लेकर पोर्टल पर ऑनलाइन अपने परिवार का सही ब्यौरा दर्ज कर सके।



अधिकारियों की बैठक लेते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि




जींद। स्कूल का नाम रोशन करने छात्रा को मिठाई खिलाता स्टाफ।

### शिव स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**जींद।** राज्य स्तरीय बाल महोत्सव के अंतर्गत रेवाड़ी में आयोजित अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में शिव प्राइमरी स्कूल की छात्रा रिया ने हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जिले का नाम रोशन किया। लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के चेयरमैन शिव नारायण शर्मा ने समस्त स्टॉफ व अभिभावकों को बधाई दी। पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रिया को राज्य स्तर पर महामहिम राज्यपाल असीम कुमार घोष व शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा द्वारा एक बहुत बड़े समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि से स्कूल के चेयरमैन शिव नारायण शर्मा, समस्त स्टॉफ व माता-पिता बहुत ही गौरावान्वित महसूस कर रहे हैं।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** सरकारी महाविद्यालय जींद के लोक प्रशासन एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्व- गणना जनगणना 2026 विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनगणना 2026 में स्व-गणना की प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्व-गणना की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा इससे संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. मोहित रंगी ने प्रतिभागियों को जनगणना की आधुनिक प्रणाली, ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि एवं नागरिकों की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



जींद। छात्रों को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### साहिल, प्रवीण व नसीब की टीम प्रथम

**जींद।** केएम राजकीय कॉलेज में इतिहास विभाग एवं इतिहास संकलन समिति के सौजन्य से प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जगजीत सिंह मोर के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने प्रतिभागियों व विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया। साहिल, प्रवीण व नसीब की टीम ने प्रथम स्थान मीनाक्षी, तृषा तथा अंशिका की टीम ने द्वितीय स्थान तथा कोमल, सेजल एवं नीलम की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एम ए इतिहास प्रथम वर्ष के साहिल ने मंच संचालन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर राजेश श्योकंद, प्रो. प्रोमिला व प्रो कमलजीत ने निभाई। इतिहास प्रोफेसर मीनाक्षी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने व सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




जींद। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### पीएम विद्या लक्ष्मी योजना की जानकारी दी

**जींद।** राजकीय महिला कॉलेज में विद्यार्थियों के शैक्षणिक सशक्तिकरण एवं उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम विद्या लक्ष्मी योजना पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य नरेंद्र कुमार के निर्देशन में स्कालरशिप समिति के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्टेट बैंक आफ इंडिया डीआरडीए ब्रांच जींद के मैनेजर संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राएं एक ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न बैंकों द्वारा उपलब्ध शिक्षा -ऋण योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा सरल प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# स्वच्छ वातावरण रखने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उप स्वास्थ्य केंद्र जाजवान पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव को लेकर एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा एवं रीनू शर्मा द्वारा ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मी सुशील शर्मा ने जागरूक करते कहा कि बरसात और गर्मी के मौसम में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कहा कि इन बीमारियों से बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि आसपास कहीं भी पानी जमा नहीं होने दिया जाए, क्योंकि मच्छर पानी में ही पनपते हैं। ग्रामीणों को समझाया गया कि घरों के आस-पास रखे कूलर, गमले, टायर, पानी की टंकियां आदि को नियमित रूप से साफ करें और ढककर रखें। स्वास्थ्य कर्मी रीनू शर्मा ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, उल्टी या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवानी चाहिए।इस दौरान ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने और स्वच्छ वातावरण रखने का भी संदेश दिया गया।



जींद। ग्रामीणों को जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक करते बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### राज्य स्तरीय प्रतिनिधि कन्वेंशन 26 को

**जींद।** बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आगामी 26 अप्रैल को रोहतक में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि कन्वेंशन का आयोजन करेगा। निर्णय राज्य प्रधान शर्मिला देवी की अध्यक्षता में राज्य कमेटी कोर ग्रुप मे लिया गया। बताया कि कन्वेंशन का मुख्य उद्धेश्य जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी को अधिकारों के प्रति जागरूक करने,सरकार की कर्मचारी एवं दमनकारी नीतियों का हर स्तर पर विरोध करने एवं भाईचारे को संगठित एवं एकजुट करने को लेकर है।जिसमें हर जिले से जिला कमेटी एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। जिसमे एसो अपनी लंबित मांगो को लेकर रणनीति भी तैयार करेगी एवं सभी लंबित मांगो जिनमें न्यू नॉर्म के नाम पर समाप्त किए गए पदों को बहाल करवाने , आबादी आधारित पद सृजित करवाने,प्रमोशनल स्केल जारी करवाने,पदनाम संशोधन समेत काफी मांगे है।

## सुबह सात बजे होगी रवाना, वाया कैथल, पटियाला करेगी आवागमन

# सफीदों से अमृतसर के लिए सीधी रोडवेज सेवा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों से अमृतसर के लिए बस शुरू की गई है। यह बस कैथल डिपो की है, जो सफीदों से अमृतसर के लिए सुबह सात बजे रवाना होगी। सुबह सफीदों से चलकर बस असंध, राजौंद, कैथल, लुधियाना, जालंधर व ब्यास होते हुए दोपहर सवा चार बजे के बाद बस अमृतसर पहुंचती है।

अमृतसर से सुबह छह बजे सफीदों के लिए चलेगी, जो लगभग डेढ़ बजे सफीदों पहुंचती है। सफीदों से वाया असंध, कैथल होते हुए अमृतसर की दूरी लगभग 383 किलोमीटर है और किराया लगभग 515 रुपये लगेगा। पहले सफीदों के यात्रियों को अमृतसर जाने के लिए जींद आना पड़ता था। जींद से अमृतसर के लिए नौ बजकर 20 मिनट पर चलती है। जींद से अमृतसर जाने वाली बस वाया संगरूर, लुधियाना, जालंधर होकर जाती है। जींद से अमृतसर की दूरी 363 किलोमीटर है और किराया भी लगभग 520 रुपये लगता है। बता दें कि जींद डिपो में लगभग 165 बस हैं, जिसमें से सफीदों व नरवाना उपकेंद्र में लगभग 30-30 बस शामिल हैं। जींद से सुबह चंडीगढ़, जम्मू-कटरा, दिल्ली, अमृतसर, पौंटवासाहिब जैसे रूट की बस चलती हैं। सफीदों व नरवाना उपकेंद्र में बसों की कमी के कारण यात्रियों को लंबे रूट की बस पकडऩे के लिए जींद आना पड़ता है। सफीदों के यात्रियों को अमृतसर जाने के लिए भी जींद से बस पकडऩी पड़ती थी। अब कैथल डिपो की जो बस सफीदों से चली है, इससे यात्रियों को फायदा होगा।



जींद। बस स्टैंड परिसर में बूथ पर खड़ी बस। फोटो :हरिभूमि

#### यात्रियों को होगा फायदा

सफीदों से अमृतसर के लिए बस चली है, जो कैथल डिपो की है। यह बस चलने से यात्रियों को फायदा होगा। सफीदों से अमृतसर के लिए यात्री सीधी बस पकड़ सकते हैं। इससे यात्रियों के समय और किराया की भी बचत होगी। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। *कप्तान, डीआई बस स्टैंड सफीदों।*



जींद। कार्यक्रम में मौजूद राजकुमार भोला और अन्य स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर व्याख्यान

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय, जींद के लोक प्रशासन एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा इंटर्नशिप का महत्व नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर प्रभावी एवं प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते इंटर्नशिप के महत्व को गहराई से समझा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और अनुभव अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप शिक्षा और रोजगार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इंटर्नशिप की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते बताया कि चतुर्थ सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य कर दी गई है।

## खबर संक्षेप



### मांगों को लेकर गरजे बिजली कर्मचारी

**राजौंद।** एचएसईबी कर्मचारियों के अंतर्गत सब यूनिट राजौंद द्वारा बुधवार को सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक मुख्य गेट पर रोष गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। कर्मचारियों का कहना है कि राजौंद के कई कर्मचारियों की चार्जशीटों का जवाब दो वर्षों से अधिकारियों को दिया जा चुका है।

### युवती को भेजा अश्लील वीडियो, मामला दर्ज

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने लिव इन में रह रही एक युवती के पास अश्लील वीडियो भेजने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह वीडियो युवती के साथ पूर्व में लिव इन में रहने वाले युवक ने भेजी है। युवती ने पास के ही एक गांव निवासी युवक ने उससे कोर्ट मैरिज की थी, लेकिन बाद में आपसी मतभेद के चलते अलग हो गए। आरोपी ने अपने साथ बनाई गई उसकी अश्लील वीडियो लड़की के पास भेज दी।

### परशुराम जन्मोत्सव 19 को धूमधाम से मनाया जाएगा

**पूंडरी।** पूंडरी में श्री ब्राहाम्ण समाज कल्याण समिति द्वारा भगवान परशुराम सदन, नजदीक ग्यारह रुद्री मंदिर, पूंडरी में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे यज्ञ से होगी, इसके पश्चात 10:30 बजे शस्त्र-शास्त्र पूजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि का स्वागत किया जाएगा तथा 12:30 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा शिरकत करेंगे।

### जन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

**राजौंद।** शहर के पेगा मार्ग स्थित शिव दुर्गा मंदिर के पास मुख्य गली को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व संबंधित ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। यहां सड़क निर्माण कार्य के दौरान करीब 5-6 फीट हिस्से में अब तक इंटरलॉकिंग ब्लॉक नहीं लगाए गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रमेश रोशन विनोद जयदेव मदन देवेंद्र सुमित का कहना है कि अधूरा छोड़ा गया यह हिस्सा दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

### ऋषि–वैज्ञानिक परंपरा पर पोस्टर प्रतियोगिता

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के संस्कृत विभाग द्वारा "भारतीय ऋषि–वैज्ञानिक परंपरा" विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महान ऋषियों एवं वैज्ञानिकों पर आधारित रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने चरक, भारद्वाज, सुश्रुत, कणाद, आर्यभट्ट, भास्कराचार्य एवं कालिदास जैसी महान विभूतियों के जीवन एवं उनके वैज्ञानिक योगदान को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया।

### राजौंद नपा के वार्ड 11 के लिए उपचुनाव 10 मई को

**राजौंद।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा द्वारा नगर पालिका राजौंद के वार्ड नंबर 11 में उपचुनाव के लिए विस्तृत चुनाव शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उम्मीदवार 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। उसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव मैदान में बचे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा।

---

## हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया प्रेस वार्ता को संबोधित

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगा महिलाओं का दायरा : रेणु भाटिया

**महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय फैसला एवं मार्गदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



**कैथल।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने रेणु भाटिया पत्रकारों से बातचीत करते हुए फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने रेणु भाटिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की बेटियों, महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय फैसला एवं मार्गदर्शन है। इस कानून से महिलाओं का पंचायत से लेकर संसद तक दायरा बढ़ेगा।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने रेणु भाटिया बुधवार को लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थी। भाटिया ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, वे अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं में परिवार और समाज को जोड़ने की अद्भुत क्षमता होती है, जिसका उपयोग अब वे राजनीति और राष्ट्र निर्माण में बेहतर तरीके से कर सकेंगी। यह कानून महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने रेणु भाटिया ने आगे कहा कि नारी का सम्मान ही देश का स्वाभिमान है और यह अधिनियम महिलाओं को और ऊंचा स्थान देता है। इससे आने वाले समय में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं का नेतृत्व और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में सहायक होगा और महिलाओं को नीति निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने का अवसर देगा। इससे लोकतंत्र अधिक समावेशी और संतुलित बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण को लेकर अनेकों कदम उठा रही है। कुछ महीने पहले ही लाडो लक्ष्मी योजना लागू की थी, जिसके तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2100 दिए जा रहे हैं। इसके अलावा भी अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे बेटियों एवं महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, प्रोटेक्शन ऑफिसर सुनिता शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अभद्र भाषा पर कड़ा प्रहार

पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए रेणु भाटिया ने कहा कि एक ओर महिलाओं के सम्मान की बात करना और दूसरी ओर गानों में मां-बहन की गालियां देना या महिलाओं की तुलना शराब और हथियारों से करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने गाली दो और माफी मांगो संस्कृति को घटिया मानसिकता करार देते हुए कहा कि अब केवल माफी मांगना स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को मिलकर इस तरह की सामग्री के खिलाफ खड़ा होना होगा।

---

### एंग्लो संस्कृत स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ हवन से किया

## छात्रों के जीवन में नई ऊर्जा लाता है नया सत्र



**कैथल।** हवन में आहुतियां डालते हुए प्रबंधक सदस्य व स्कूल स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▸▸. पूंडरी

**एंग्लो संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी में गूंजे वैदिक मंत्र**

एंग्लो संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूंडरी के प्रांगण में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज और हवन की पवित्र सुगंध से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में स्कूल की गवर्निंग बॉडी के संरक्षक डॉ. सुभाष चंद बंसल, प्रधान सुदेश कुमार बंसल, मैनेजर विवेक बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश सिंगल, प्रधानाचार्या डॉ. गीता केशवर सहित विशिष्ट अतिथियों, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने हवन कुंड में आहुति डालकर विद्या की देवी मां सरस्वती का आवाहन किया और नए सत्र की मंगलमय शुरुआत की।

### शुभकामनाएं दी

इस मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. गीता केशवर ने विद्यार्थियों को नए सत्र 2026-27 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र बच्चों के लिए नई उम्मीदें, नए लक्ष्य और नई उपलब्धियों का प्रतीक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन में रहने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

---

# खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सम्मान समारोह

### सीवन स्पोर्ट्स सोसाइटी में सविता मलिक राजराणा को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन



**कैथल।** सीवन में सविता मलिक राजराणा को सम्मानित करते आयोजक।

स्थानीय सीवन स्पोर्ट्स सोसाइटी में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को प्रेरित करने और खेलों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी सीवन के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने विशेष तौर पर शिरकत की।

इस अवसर पर योग की प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं अध्यापिका सविता मलिक राजराणा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि सविता मलिक राजराणा ने चंडीगढ़ में आयोजित सिविल सर्विस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में योगासन स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर सीवन स्पोर्ट्स सोसाइटी द्वारा उन्हें सम्मानित कर खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि सविता मलिक न केवल एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, बल्कि एक आदर्श अध्यापिका भी हैं, जो वर्षों से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने एथलेटिक्स और योग दोनों ही क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विशेष बात यह है कि वह अब तक 6 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सविता मलिक राजराणा ने कहा कि सफलता पाने के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच बेहद जरूरी है।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने की सलाह दी।

---

# शिक्षा विभाग हुआ 'क्लासरूम रेडीनेस प्रोग्राम' के क्रियान्वयन को लेकर सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

हरियाणा के विद्यालय शिक्षा विभाग ने निपुण मिशन के तहत 'क्लासरूम रेडीनेस प्रोग्राम' के सफल क्रियान्वयन के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है।

इस अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज अतिरिक्त मुख्य सचिव, निदेशक मौलिक शिक्षा और एसपीडी समग्र शिक्षा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर के शिक्षा अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस वर्चुअल बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयक एफ एल एन सहित कई अधिकारियों ने भाग लिया।

### शिक्षकों पर टिकी है सफलता की कमान

*कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों को सबसे महत्वपूर्ण कड़ी माना गया है। शिक्षकों के लिए मुख्य निर्देश दिए हैं। हिंदी, अंग्रेजी और गणित में बच्चों की बुनियादी क्षमताओं को विकसित करना। कक्षा में खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों को बढ़ावा देना। विद्यार्थियों की दैनिक प्रगति को 'कक्षा रेडीनेस स्किल पासबुक' में दर्ज करना। बच्चों को स्थानीय संस्थानों का भ्रमण करवाना और व्यावहारिक ज्ञान देना। बच्चों की पढ़ाई में सुधार के लिए अभिभावकों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना। इस पूरे अभियान का एकमात्र लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में निपुण हो सके।*

---

### पाई के तालाबों में डाली गैम्बूसिया मछलियां

**कैथल।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ महेश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूंडरी के निर्देशों पर,स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश सिवाच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाई के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कर्मचारियों की देखरेख में गांव के अंतर्गत आने वाले सभी तालाबों में गैम्बूसिया मछली डलवाई गई । राकेश सिवाच ने बताया कि जो मछलियां आज आपके तालाबों में डाली गई हैं (गैम्बूसिया मछली) उनको आम भाषा में मच्छर खाने वाली मछली भी कहा जाता है यह बहुत उपयोगी और खास मछली होती है,खासकर मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए इस मछली का प्रयोग किया जाता है क्योंकि ये मछलियां मच्छरों का लार्वा खाती हैं जिससे मच्छरों के नियंत्रण में सहायता मिलती है।गैम्बूसिया मछलियों में खास विशेषताएं होती हैं जैसे कि ये बहुत जल्दी प्रजनन करती है यानी कि इनकी संख्या बहुत तेजी से बढ़ती है, ये कम ऑक्सिजन वाले पानी में भी जीवित रह सकती हैं।

---

# बाल विवाह एक सामाजिक बुराई : सुनीता शर्मा

### अक्षय तृतीया को लेकर सीडब्ल्यूसी ने की भट्ठा मालिकों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



**कैथल।** भीमसेन अग्रवाल और सुनीता शर्मा का स्वागत करते पदाधिकारी।

19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मद्देनजर जिला प्रशासन ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता शर्मा व जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल द्वारा भट्ठा मालिकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने पर जोर दिया गया।

भीमसेन अग्रवाल व सुनीता शर्मा ने बाल विवाह के गंभीर दुष्प्रभावों और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध है, जिसमें सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

### इन्होंने रखे अपने विचार

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीम सेन अग्रवाल और सदस्य पुरुषोत्तम शर्मा ने भी अपने विचार रखे और बाल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक अशोक कुमार और सीएसडब्ल्यू दीपक ने भी जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

---

### कैथल के वार्ड 19 पहुंचा चलता-फिरता अस्पताल

**कैथल।** कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की अनूठी जनसेवा पहल "आदित्य सुरजेवाला निःशुल्क चलता-फिरता अस्पताल" आज कैथल शहर के वार्ड नंबर 19 पहुंची। इस मोबाइल स्वास्थ्य वैन के जरिए स्थानीय निवासियों को घर के नजदीक ही मुफ्त चिकित्सा जांच और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टरों की विशेष टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित अन्य जरूरी परीक्षण किए और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस पहल से वार्ड के सैकड़ों लोगों को लाभ मिला, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को। वार्ड 19 के स्थानीय निवासियों गुरदेव, राजपाल, रणधीर, धनपति, मीणा, सोनिया, अनीता, कमलेश, उषा, कुसुम, संतोष, केलो देवी, शांति देवी, दीपिका, अंगूरी, जमुना, नीरू, संदीप, उदय सिंह, सानवी देवी, ललित, आदि ने धन्यवाद व्यक्त किया।

---

# खंड शिक्षा अधिकारी ने कलायत के स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कलायत



कलायत में निजी स्कूल का निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन।

कलायत खंड के निजी विद्यालयों में नियमों की पालना धरातल पर परखने के लिए बुधवार को बीईओ सुरेश नैन ने विभिन्न स्कूलों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से जांच की गई। टीम में दूंढवा-कौलेखां सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य जसमेर सिंह, खडालवा स्कूल से रणबीर सिंह, बीईओ कार्यालय लिपिक सलीम व मलकीत शामिल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने सबसे पहले विद्यालय की मान्यता, रिकॉर्ड व रजिस्टरों की जांच की। प्रवेश रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर व फीस से संबंधित अभिलेखों को देखा गया। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी रिकॉर्ड नियमों के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त टीम ने फीस वसूली की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। विद्यालयों में फीस सूची निर्धारित नियमों के अनुसार प्रदर्शित है या नहीं? इसकी भी जांच की गई।

---

### गोल्ड मेडल के लिए 13, सिल्वर के लिए 36 व ब्रांज के लिए 57 ग्राम पंचायतें चयनित

# जिले की 106 ग्राम पंचायतों को किया जाएगा सम्मानित : अपराजिता

**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत लिया गया है ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि जिला में 106 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत सम्मानित किया जाएगा। इन ग्राम पंचायतों में से गोल्ड मेडल के लिए 13 ग्राम पंचायत, सिल्वर मेडल के लिए 36 ग्राम पंचायत तथा ब्रांज मेडल के लिए 57 ग्राम पंचायतों को चयन हुआ है। इन सभी ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के मापदंड अनुसार इन ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। टीबी मुक्त अभियान सरकार का एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान है, जिसका उद्देश्य देश को टीबी से पूरी तरह से मुक्त करना है। इसके अंतर्गत मरीजों को मुफ्त दवा और पोषण सहायता प्रदान करना है। स्वास्थ्य विभाग अनुसार टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो फेफड़ों को ज्यादा प्रभावित करती है। यह खांसी और छींक के जरिए फैलती है। सही समय पर ईलाज न हो तो जानलेवा हो सकती है।

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि वीरवार को दोपहर बाद 2:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें एडीसी डॉ. सुशील कुमार इन ग्राम पंचायतों को सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी के साथ-साथ चयनित पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहेंगे।

ब्रांज मैडल के लिए 57 ग्राम पंचायतें चयनित हुई हैं, जिसमें अंगौध, अहमदपुर, अरनौली, अटैला, अजीमगढ़, बड़सिकरी खुर्द, बदसूई, बालू रापड़िया पट्टी, बाउपुर, भूंसला, ब्राह्मणीवाला, चाणचक, चंदलाना, डंडोता, डयोढ़खेड़ी, डेरा बाजीगर, धेरडू, देवीगढ़, धर्मपुरा, दिल्लोंवाली, दीवाल, ढुंढवा, दुसैण, गढ़ी पाड़ला, हेमू माजरा, जडौला, जसवंती, ककराला कुंचिया, ककराला अनायत, कलर माजरा, कसौर, खेड़ी गुलामअली, खेड़ी रायवाली, लालपुर, लंडाहेड़ी, लैंडरपीरजादा, माघो माजरी, मांडी सदरां, मंडवाल, मस्तगढ़, नागल, नानकपुरा, नंदगढ़, पापसर, पिसौल, पोलड़, प्रेमपुरा, रामदासपुरा, रत्ताखेड़ा लुकमान, सरौला, श्योंमाजरा, शादीपुर, शेरगढ़, सिहाली, सिंह, सुल्तानिया करतारपुर, टयोंठा शामिल हैं।

### सिल्वर मेडल के लिए इनका चयन

सिल्वर मैडल के लिए 36 ग्राम पंचायतें चयनित हुई हैं, जिसमें आंधली, चाबा, दाबा, डेरा गोबिंद सिंह नगर, दुब्बल, डुलयाणी, दुसेरपुर, फर्शमाजरा, फरीयाबाद, गढ़ी नजीर, घोघ, गुरू नानक नगर, हंसुमाजरा, कमहेड़ी, खंभेड़ा, खराल, खेड़ी मटरवा, खेड़ी सिकंदर, महमदपुर, माजरा नंदकरण, माजरा रोहेड़ा, मालखेड़ी, मैंगड़ा, पाबला, पपराला, पट्टी खोथ, रत्ताखेड़ा कड़ाम, रिवाड़ जांगीर, रोहेड़ियां, समानां मलिकपुर, सांपन खेड़ी, शहीद भगत सिंह, थेह बुटाना, थेहमुकेरिया, उमेदपुर, वजीर नगर गाम पंचायत शामिल हैं।

### इनको मिलेगा गोल्ड मेडल

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों में 13 ग्राम पंचायतों को गोल्ड मैडल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें गांव बदनारा, भालंग, बुढ़नपुर गुजरान, डडवाना, दुमाड़ा, हरनौला, जटहेड़ी, कलासर, कसौली, मंजेड़ी, मेघामाजरा, मुन्नारेहड़ी, नरवल गढ़ शामिल हैं।

### वर्ष 2025 में सर्वाधिक लिंगानुपात में हुआ गांव ककहेड़ी का चयन

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि गत वर्ष 2025 में सर्वाधिक लिगांनुपात में गांव ककहेड़ी को चयनित किया गया है। गत वर्ष 2024–25 में दसवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली लड़कियों को 1.50 हजार रुपये की राशि ईनाम के रूप में दी जाएगी। प्रथम को 75 हजार रुपये, द्वितीय को 45 हजार रुपये, तथा तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्रा को 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा गांव ककहेड़ी में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सरपंच, पंच, एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

---

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग द्वारा तैयारियां तेज शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में वीरवार 16 अप्रैल से जिला स्तर पर आयुष योग सहायकों के लिए तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा, जोकि 18 अप्रैल तक चलेगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि इसमें जिला नागरिक अस्पताल, कैथल के अनुभवी योग विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक आधार पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**सूचना**

मैं, सुमन पत्नी पाला निवासी मकान नंबर 550, गांव लजवाना कलां, तहसील जुलाना, जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमन कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


जींद। बाबा प्रेमनाथ अकादमी संचालक पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

### कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर जताया आभार

**उचाना।** कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उचाना के 40 फुटा रोड पर तीन दिवसीय नेशनल लेवल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में खाप पंचायतों एवं आमजन के सहयोग पर अकादमी संचालक जयभगवान करसिंधु ने आभार प्रकट किया।

### आरजीएम के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के विद्यार्थियों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण गांव राखी गढ़ी में आयोजित किया गया। टूर इंचार्ज डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि एमए इतिहास, एमए राजनीतिक विज्ञान, बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के इतिहास के 59 विद्यार्थियों का एक दिवीसीय भ्रमण सिंधु घाटी सभ्यता कालीन ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी के लिए गया। विद्यार्थियों ने सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख स्थल राखीगढ़ी के बारे में विस्तृत जानकारी अर्जित की।

### आढ़ती की दुकान से गेहूं के 12 कट्टे चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव थेह मुकेरिया में एक आढ़ती की दुकान से गेहूं के कट्टे चोरी हो गए। गुहला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव थेह मुकेरिया निवासी मेवा सिंह बताया कि वह आढ़त (कमीशन एजेंट) का कार्य करता है। 13 और 14 अप्रैल की रात को चोर उसकी दुकान से गेहूं के 12 कट्टे (प्रत्येक 50 किलो) चोरी कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी एएसआई भूपेंद्र ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली निगम कर्मचारियों का धरना 9वें दिन भी जारी

**उचाना।** उचाना बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ समेत तीन के तबादले के विरोध में 9वें दिन भी बिजली निगम कर्मचारियों का धरना जारी रहा। अध्यक्षता संयुक्त रूप से कुलबीर फौजी, नरेंद्र ने की। संचालन कृष्ण जेई ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक जो तबादले हुए है वो रद्द नहीं होने तक धरना जारी रहेगा।

### व्यावसायिक गैस सिलेंडर न मिलने पर सौंपा ज्ञापन

**नरवाना।** मिठाई एसोसिएशन, कैटरिंग एसोसिएशन, मैरिज पैलेस एसोसिएशन ने बुधवार को व्यावसायिक गैस सिलेंडर न मिलने से संबंधित ज्ञापन लघु सचिवालय में सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गैस सिलेंडर न मिलने के कारण उनके व्यापार को नुकसान हो रहा है। सभी संगठनों ने इकट्ठा होकर लघु सचिवालय में एसडीएम जगदीश चंद्र से मुलाकात की। जहां तुरंत एसडीएम ने सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी नरेश को रिमार्क किया कि आप एजेंसियों से सूचना लें।

---

### आढ़तियों ने डीआरओ व मार्केट कमेटी सचिव अलेवा को दी शिकायत

# गेहूं उठान ठप होने पर अलेवा मंडी में ट्रांसपोर्टर और आढ़ती आमने-सामने

**आढ़तियों द्वारा लगाए आरोप बेबुनियाद : ट्रांसपोर्टर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

अलेवा अनाज मंडी की व्यापारी एसोसिएशन द्वारा बुधवार को ट्रांसपोर्टर द्वारा गेहूं के बैगों का उठान बंद करने व नाजायज परेशान करने के मामले में एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन कमेटी के प्रधान गोबिंद लोहान ने की। लगभग घंटाभर चली बैठक में आढ़तियों ने एकत्रित होकर प्रधान के नेतृत्व में मामले को लेकर डीआरओ व मार्केट कमेटी सचिव अलेवा को इसकी शिकायत दी है। दोनों अधिकारियों को दी शिकायत में आढ़तियों ने कहा कि अलेवा अनाज मंडी में सरकारी एजेसियों द्वारा खरीद किए गए बैगों के उठान के लिए सरकार द्वारा सुशील एंड कंपनी ट्रांसपोर्टर अधिकृत किया हुआ है। जिससे सबंधित ट्रांसपोर्टर नाजायज तौर से परेशान करते हुए खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद किए गए गेहूं के बैगों का अनाधि$कृत तरीके से तोल आदि चैक करता है। घटती के लिए आढ़तियों पर दबाव बनाते हुए मंडी में आकर बदसलुकी करता है। पिछले दो दिनों से इसी मामले को लेकर खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद किए गए गेहूं के बैगों का उठान कार्य बंद पड़ा है। इससे किसानों की फसल का भुगतान भी नही हो पा रहा है। ट्रांसपोर्टर के इस रवैये से शासन प्रशासन की बदनामी हो रही है। आढ़तियों ने बताया कि मंडी में सरकारी एजेंसी हैफेड की लगभग एक लाख 35 हजार गेहूं के बैगों की खरीद की जा चुकी है। इनमें से मात्र 23 हजार बैगों का ही उठान हो सका है। इस मौके पर पूर्व एसोसिएशन प्रधान सतीश लोहान, कुलदीप, बिजेंद्र चहल, राजबीर लोहान, सुरेश चहल, अनिल लोहान व सुरेश लोहान समेत मंडी के सभी आढ़ती मौजूद रहे।


जींद। अलेवा अनाज मंडी में बैठक में भाग लेते आढ़ती।

**गेहूं के तोल में आ रही कमी : ट्रांसपोर्टर**

इस मामले में ट्रांसपोर्टर सुशील एंड कंपनी ने बताया कि अलेवा अनाज मंडी के आढ़तियों द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है। अनाज मंडी से गेहूं के बैगों को गोदाम में लगाने के लिए जाने वाले ट्रकों से गेहूं के तोल में कमी आ रही थी। तोल में कमी आने के कारण पिछले वर्ष भी काफी रूपये का नुकसान उठाना पड़ा था। बैगों के तोल आदि में कमी आने के मामले में आढ़तियों से सहयोग करने की बात कही गई थी।

---

## किसानों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन सरकार के खिलाफ की नारेबाजी


जींद। धरने पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

कस्बे की नई अनाजमंडी में धरने पर बैठे किसानों ने सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों के विरोध में बुधवार को अर्धनग्न होकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेता नरेश ढांडा ने कहा कि सरकार लगातार किसानों और आढ़तियों पर नए-नए नियम थोप रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मंडियों में फसल बेचने की प्रक्रिया को पहले ही आसान बनाने की जरूरत थी, लेकिन इसके उलट सरकार ने बायोमेट्रिक सत्यापन और ट्रैक्टर नंबर प्लेट के साथ फोटो जैसी शर्तें लागू कर दी हैं, जिससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि बायोमेट्रिक सिस्टम अक्सर ठीक से काम नहीं करता। वहीं, ट्रैक्टर के साथ फोटो खिंचवाने की प्रक्रिया भी कई बार तकनीकी कारणों से पूरी नहीं हो पाती, जिसके चलते फसल की बिक्री में देरी हो रही है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान नरेंद्र ढांडा, नरेंद्र लाठर, जयपाल, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

---

### भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर प्रदर्शन

## फसल खरीद नियमों के विरोध में फूंका कृषि मंत्री का पुतला



जींद। धरना देकर नारेबाजी करते हुए भाकियू कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नए फसल खरीद नियम के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर जिलेभर की अनाज मंडियों में किसानो को धरना जारी रहा। बुधवार को किसानों ने धरना स्थल पर कृषि मंत्री की शव यात्रा निकाली और उनके पुतले का दहन किया। धरने को सबोधित करते हुए भाकियू जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार, उपाध्यक्ष उमेद सिंह रेढू, जिला प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी व राजेंद्र ने कहा कि सरकार ने गेहूं खरीद को लेकर जो नए नियम लागू किए है। उससे किसानो के साथ आढतियों तथा कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान शुरु से नए नियमो का विरोध करते आ रहे है। पोर्टल के नाम पर सरकार ने किसानो को उलझाया हुआ है। जब तक सरकार का यह तुगलकी फरमान वापस नहीं लेती। तब तक विराध जारी रहेगा।

**19 तक का अल्टीमेटम**

उन्होने कहा कि किसान हर रोज एक मंत्री या विधायक का पुतला दहन किया जाएगा। उन्होने कहा कि 19 अप्रैल तक सरकार ने अपना फैसला वापस नही लिया तो किसान बडा फैसला लेंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि की मार से प्रदेश के किसानों को नुकसान हुआ है। जिसकी भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा राशि देनी चाहिए। जब तक सरकार बायोमेट्रिक नियम को वापस नहीं लेती उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा मार्केट कमेटी द्वारा कार्यालय के साथ लगती बिल्डिंग पर किसान बनाए विश्राम गृह में किसानों के ठहरने, उठने बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। ई-खरीद पोर्टल में व्यवधान आने के कारण मैनुअल तरीके से गेटपास काटे जा सकते हैं तो फसल की खरीद भी मैनुअल की जा सकती है। इस अवसर पर अजमेर, जयबीर, रणधीर, जयपाल, सतबीर, प्रदीप, कर्म सिंह, भगत सिंह व महावीर भी मौजूद रहे।

---

## एनआईआईएलएम को बेस्ट कलेक्शन अवॉर्ड

**हरियाणा रनवे फैशन वीक 2026 में छाया कैथल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी, कैथल ने हरियाणा रनवे फैशन वीक 2026 में एजुकेशन पार्टनर के रूप में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। यह प्रतिष्ठित आयोजन द एम्बिएंस, पानीपत में आयोजित किया गया।

स्कूल ऑफ डिजाइन (फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइनिंग) के छात्रों ने इस भव्य कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बैकस्टेज क्रू मेंबर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पूरे शो के सफल संचालन में योगदान दिया। हुनर – द फैशन सोसाइटी ऑफ एनआईआईएलएम इंस्टीट्यूशन्स का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रों ने अपनी प्रोफेशनलिज्म, रचनात्मकता और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "हीरामंडी कलेक्शन" रहा, जिसने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक झलक, बारीक कारीगरी और आकर्षक प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कलेक्शन ने पारंपरिक और आधुनिक फैशन का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। छात्रों को प्रसिद्ध फैशन पर्सनालिटी रजत मंचंदा द्वारा "बेस्ट कलेक्शन अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, नवाचार और उत्कृष्ट सोच का प्रतीक है।


कैथल। बेस्ट कलेक्शन अवॉर्ड से नवाजते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मैसेंजर से 1 लाख की साइबर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने फेसबुक मैसेंजर से 1 लाख रुपए की साइबर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। साइबर क्राइम थाना एसएचओ एसआई रणदीप सिंह की टीम ने बलराज नगर गोहाना जिला सोनीपत निवासी दीपक आरोपी कुमार व गांव गांगुली जिला जींद हाल रोहतक निवासी मोनू को काबू किया है। गांव पाबसर निवासी छैलूराम ने शिकायत दी थी कि 4 अप्रैल 2026 को उसके फेसबुक मैसेंजर पर लावी अमेरिका नाम की आईडी से मैसेज आया, जिसमें उसके रिश्तेदार पोते की फोटो लगी थी। आरोपी ने खुद को उसका पोता बताकर बातचीत शुरू की। इसके बाद एक अज्ञात विदेशी नंबर से कॉल आई, जिसमें खुद को अंतरराष्ट्रीय बैंक कर्मचारी बताते हुए 9.40 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर होने की झूठी जानकारी दी। झांसे में आकर उसने दो ट्रांजैक्शन में 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

## रक्त की पूर्ति केवल मनुष्य ही पूरी कर सकता है, इसलिए नियमित रक्तदान करें : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

**युवा विकास समिति ने गांव हैबतपुर में किया आयोजन**

युवा विकास समिति जींद के द्वारा गांव हैबतपुर के सचिवालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर सरपंच एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषीपाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कोच हैबतपुर ने की। रिषीपाल ने कहा कि रक्तदान की पूर्ति केवल मनुष्य ही पूरी कर सकता है। इसलिए हमें अपने खान-पान पर भी ध्यान देना चाहिए। ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रहे और हम इसी प्रकार से रक्तदान करते रहें। युवा विकास समिति के महासचिव विनोद शर्मा व संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में 31 युवाओं ने रक्तदान किया। उपाध्यक्ष शीला सैनी ने बताया कि वशिष्ठ अतिथि के तौर पर धर्मराज जागलान, कोच अनूप मौजूद रहे। इस अवसर पर संजय कोच, सुनील, सज्जू, प्रवीण सैनी, मोहित, मनीष बेनीवाल मौजूद थे।


जींद। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते सरपंच रिषीपाल।

---

## महिला सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम होगा कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र सरकार के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भजन पार्टियां जिले के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को अधिनियम की जानकारी दे रही हैं। डीपीआरओ कृष्ण कुमार सहोत्रा ने बताया कि यह भजन पार्टियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गीतों के माध्यम से सरल व प्रभावी तरीके से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों और महत्व को लोगों तक पहुंचा रही हैं।

**यह रहेगा भजन मंडलियों के प्रचार का शेड्यूल**

15 अप्रैल को जिला के गांव कर्मगढ, रामगढ, श्री रागखेड़ा, कलावती, खेड़ी तलौडा, सुदकैन कलां, घोघडियां तथा निडानी गांवों में पंहुचकर भजन मंडियां भजनों, गीतों के माध्यम से प्रचार करेंगी। इसी प्रकार 16 अप्रैल को बहबलपुर, धिमाना, नगूरां निम्बरान, रामनगर, रिटोली, करसिंधु, रोजखेड़ा, सिंधवीखेड़ा, 17 अप्रैल को गांव खोखरी, दालमवाला, नगूरां खटकड़ पत्ती, सिल्लाखेड़ी, बेरी खेड़ा, पालवां, घोघडियां ,मनोहरपुर, 18 अप्रैल को चाबरी कालोनी जींद, राम कालोनी जींद, रायचंदवाला, सिवानामाल, मलार, कहसून, रोजखेड़ा, लोहचब में कार्यक्रम होगा।


जींद। आंगनबाड़ी केंद्र पर अभिभावकों को प्रेरित करती महिला सुपरवाइजर।

### 23 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**अलेवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार नगूरां गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर रेडिनेस मेला तथा पोषण पखवाड़े के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कोर्डिनेटर वंदना ने की तथा मुख्य रूप से महिला सुपरवाइजर सरोजबाला ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों के अलावा गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। महिला सुपरवाइजर सरोजबाला ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसका उद्धेश्य कुपोषण को दूर करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना है। इसके अंतर्गत पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, एनीमिया नियंत्रण और पोषण भी पढाई भी पहल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं व बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। रेडीनेस मेला बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनिता, हेल्पर सुमन, सुदेश नगूरां, विद्या देवी, हेल्पर राजबाला के अलावा बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

### पंजाबी युवा सभा ने की गोवंश की सेवा

**पूंडरी।** पंजाबी युवा सभा फतेहपुर पुंडरी द्वारा बैसाखी के अवसर पर गौशाला में गौ ग्रास व बीमार गऊओ की सेवा की गई। गुरुद्वारे के सामने मेंन बाजार में हलवे का प्रसाद भी वितरीत किया गया। प्रधान दीपक कुमार नंदराजोग नें जानकारी देते हुए बताया कि पंजाबी युवा सभा द्वारा समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, मेडिकल कैंप, सिलाई सेंटर का संचालन, गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग जैसे अनेक जनहितकारी कार्य किए जाते हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर सचिव संजीव कत्याल रमेश ढुआ, सचिन उप्पल हर्ष सेठी, नरेंद्र पटपटिया राघवेंद्र नागरथ,नवीन चुघ प्रवीण ग्रोवर, डॉ राजेश कुकरेजा, भगवान दास सरदाना, संजीव उप्पल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खटकड़, छात्तर व उदयपुर में होंगे 1.72 करोड़ के काम, मिली मंजूरी : अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्तर, खटकड़, उदयपुर के कार्यों को लेकर भेजे गए एस्टीमेटों को प्रशासनिक स्वीकृत्ति मिल चुकी है। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि एक करोड़ 52 लाख 78 हजार रुपए के एस्टीमेट विभिन्न कार्यों को लेकर भेजे गए थे। प्रशासनिक स्वीकृत्ति मिलने के विभाग ने टेंडर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उदयपुर गांव में 78 लाख एक हजार रुपए की राशि बूस्टिंग स्टेशन की रिपेयर, गांव में जहां पाइप लाइन नहीं है वहां पाइप लाइन एवं जहां पाइप लाइन पुरानी हो चुकी है वहां पाइप लाइन बिछाने को लेकर स्वीकृत्त मिली है। ऐसे ही छात्तर गांव में पीने के पानी की कमी जिस एरिया में है वहां पीने का पानी पहुंचे इसको लेकर ट्यूबेवल लगाने एवं पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य को लेकर 40 लाख 59 हजार रुपए के कामों की अप्रूवल मिली है। ऐसे ही खटकड़ गांव में पीने के पानी की समस्या जिस एरिया में है वहां उसे दूर करने के लिए ट्यूबवेल लगाने, पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य कार्य को लेकर 34 लाख 7 हजार रुपए की एडमिन अप्रूवल मिलने के बाद जन स्वास्थ्य विभाग ने टेंडर लगाने से पहले जो प्रक्रिया है उसको लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।



---

### बर्खास्त हेड कांस्टेबल सुनील ने सुनी गरीब बहन की पुकार, शादी में की मदद

**कैथल।** हरियाणा पुलिस के बर्खास्त हेड कांस्टेबल सुनील संधू ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए एक जरूरतमंद बहन के लिए भाई का फर्ज निभाया। जानकारी के अनुसार, कलायत में वाल्मीकि समाज की एक गरीब बहन, जिसके कोई भाई नहीं हैं, उन्होंने अपनी आर्थिक तंगी और शादी की चिंता को लेकर सुनील संधू से संपर्क किया। बहन की पीड़ा सुनते ही सुनील संधू बिना देर किए उसके घर पहुंचे और पूरे परिवार को भरोसा दिलाया कि वह अकेली नहीं है। उन्होंने न केवल आर्थिक मदद की, बल्कि शादी की तैयारियों में भी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया और एक सच्चे भाई की तरह सभी जिम्मेदारियां निभाईं। बताया जा रहा है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी सुनील संधू सैकड़ों गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में मदद कर चुके हैं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### नागरिक अस्पताल प्रशासन महिला एवं बाल विकास विभाग को लिख चुका रिमाइंडर

# दो साल से वन स्टाप सेंटर पर 'कब्जा', एमआरआई की सुविधा अटकी

**एमआरआई के लिए मरीज काट रहे मेडिकल कॉलेज के चक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले में मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं अन्य विभागों के कारण लटक रही हैं। पालीक्लीनिक में जहां कैथ लैब स्थापित होनी है, उन कमरों में आयुष विभाग का पंचकर्मा व फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का कार्यालय है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में जहां पर एमआरआई स्थापित की जानी है, वहां पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वन स्टाप सेंटर चलाया जा रहा है। जब तक यह कमरे खाली नहीं होंगे, जिले के लोगों को एमआरआइ की सुविधा नहीं मिल सकती। स्वास्थ्य विभाग ने विभाग को भवन खाली करने के लिए कई बार पत्र लिखे हैं, लेकिन आज तक भवन खाली नहीं हुआ है।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसमें पर्याप्त भवन उपलब्ध नहीं होना सबसे बड़ी बाधा बन रही है। स्वास्थ्य विभाग पीपीपी मोड में सेक्टर-8 में स्थित पालीक्लीनिक में कैथ लैब चलाना चाहता है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में भी पीपीपी मोड पर एमआरआई की व्यवस्था करना चाहता है। दोनों ही महत्वपूर्ण सुविधाओं की जिले के मरीजों को काफी लंबे समय से दरकार है। इनके लिए स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त कमरे तो उपलब्ध हैं, लेकिन वह खाली नहीं हैं। इनमें दूसरे विभागों के कर्मचारी व अधिकारी बैठे हैं। ऐसे में जिले के मरीजों को जब तक यह कमरे खाली नहीं होते, इन सुविधाओं का इंतजार करना पड़ेगा।



जींद। नागरिक अस्पताल का फोटो।

**पीपीपी मोड पर मिलनी हैं मरीजों को सुविधाएं**

नागरिक अस्पताल में पीपी मोड (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत यह सुविधाएं मिलनी हैं। इसमें स्वास्थ्य विभाग को केवल कमरे उपलब्ध करवाने होते हैं जबकि सभी प्रकार के उपकरण व चिकित्सक निजी कंपनी के होते हैं। इसमें रेट सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। निजी संस्थाओं से इनके रेट काफी कम होते हैं। इसके अलावा कुछ नियमों के अनुसार पात्र लोगों का इलाज इनमें भी मुफ्त किया जाता है। नागरिक अस्पताल में इस समय सीटी स्कैन व डायलिसिस पीपीपी मोड पर चल रहे हैं। इसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। कैथ लैब व एमआरआई के लिए जिस दिन कमरों की व्यवस्था हो जाएगी, उसी दिन निजी कंपनी यहां पर बहुत कम समय में यह सुविधा उपलब्ध करवा देगी।

**तलाश रहे बिल्डिंग**

"फिलहाल नागरिक अस्पताल में जहां पर एमआरआई की सुविधा उपलब्ध करवानी है, उन कमरों में वन स्टाप सेंटर चल रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग को यह कमरे खाली करने के लिए कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं। पिछले दो साल से उनको रिमाइंडर भी भेजे जा रहे हैं। विभाग का कहना है कि वह अपने लिए बिल्डिंग तलाश रहे हैं, वहां व्यवस्था होते ही कमरे खाली कर दिए जाएंगे। जब तक कमरे खाली नहीं हो जाते लोगों को एमआरआई की सुविधा नहीं मिल सकती। लगातार प्रयास जारी हैं।

—डा. रघुबीर पूनिया, कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी।